हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शनिवार, 12 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 34.1 डिग्री
न्यूनतम 19.2 डिग्री

10 हिसार एयरपोर्ट से पहली उड़ान अयोध्या के लिए 14 को होगी



10 अखिल भारतीय किसान सभा ने 89वां स्थापना दिवस मनाया



## खबर संक्षेप

### नि:शुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर 16 अप्रैल को

**हिसार।** दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में 16 अप्रैल को स्व: ऋषि देव जैन की 12वी पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। श्री ऋषि देव जैन मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में लगने वाले इस शिविर में आंखों के सफेद मोतियाबिंद की समस्या से जूझ रहे जरूरतमंद लोगों की आंखों के निशुल्क ऑपरेशन किए जाएंगे। इस शिविर के लिए किसी भी कार्यदिवस में निशुल्क पंजीकरण करवाया जा सकता है। शिविर के दौरान कृष्ण कुमार जैन, सुशील मुनि जैन, राकेश कुमार जैन व अंशुल जैन विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### हनुमान जयंती पर सुन्दरकांड पाठ आज

**हिसार।** हनुमान जयंती, पूर्णमाशी व गुरुदेव स्वामी सत्यानंद महाराज के प्रकटोत्सव के उपलक्ष में अर्बन एस्टेट स्थित राम शरणम में 12 अप्रैल को सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। सेवादार एलडी पोपली ने बताया कि इस दिन सायं 4 बजे से 6 बजे तक गोहाना धाम से सुंदरकांड का पाठ का सीधा प्रसारण किया जाएगा। उन्होंने नगरवासियों से अनुरोध किया है कि अपने परिवार व इष्ट मित्रों सहित राम शरणम् में पहुंचकर गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करें।

### पशु चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने गांव तलवंडी राणा के खेत में बनी ढाणी से भैंस चोरी के मामले में एक आरोपी उत्तर प्रदेश के शामली निवासी राशिद को गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही विनोद कुमार ने बताया कि इस संबंध में तलवंडी राणा निवासी रणसिंह ने इस वर्ष 6 जनवरी को उसके खेत में बनी ढाणी से दो भैंस चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। उसने बताया कि 6 जनवरी की रात को कोई अज्ञात उसकी ढाणी में बने छप्पर से एक भैंस और एक झोटी खोल के ले गया। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच करते हुए आरोपी राशीद को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### ऑटो की बैटरी चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** थाना आजाद नगर पुलिस ने ऑटो रिक्शा से बैटरी चोरी के मामले में एक आरोपी रामगढ़ बस्ती प्रवीण उर्फ कालिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से एक चोरी शुदा बैटरी और 2 हजार रुपये की धनराशि बरामद की है। बताया गया कि आरोपी ने 7 अप्रैल की रात में रामगढ़ बस्ती से प्रकाश के ऑटो रिक्शा से बैटरी चुराई थी और 8 अप्रैल की रात में बलविंदर के ऑटो रिक्शा से बैटरी चुराई थी।

## तेज अंधड़ ने डाला पीएम मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों में खलल

# शहर हुआ ब्लैक आउट, आंधी में उखड़कर गिरे पेड़, होर्डिंग्स और बिजली के खम्भे

### अनाजमंडी और अन्य खरीद केंद्रों पर खुले आसमान के नीचे पड़ी गेहूं व सरसों भीगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार और आसपास के क्षेत्र में शुक्रवार की दोपहर बाद तेज अंधड़ आया। तेज अंधड़ में हाइवे समेत कई स्थानों पर पेड़ टूट कर गिर गए। कई जगहों पर बिजली के खम्भे भी गिर गए। शहर में जगह-जगह होर्डिंग्स टूट गए। झुग्गी-झोपडिय़ां तहस-नहस हो गई।

अंधड़ के चलते एहतियात के तौर पर बिजली निगम ने बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। इससे पूरा शहर तथा आसपास के गांवों में ब्लैक आऊट जैसी स्थिति हो गई। यही नहीं तेज अंधड़ ने वाहनों की गति पर पूरी तरह से ब्रेक लगा दिए। तेज अंधड़ के बाद तेज हवाओं और गर्जना के साथ बारिश शुरू हो गई, जिसके कारण जनजीवन पर व्यापक असर देखने को मिला। हाइवों पर जाम की स्थिति देर रात्रि तक बनी रही। मौसम में आए बदलाव के बाद पारे में गिरावट दर्ज की गई है। उधर, बिगड़े मौसम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 अप्रैल के हिसार आगमन को लेकर प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों में खलल डाल दिया। एयरपोर्ट के पास रैलीस्थल पर की जा तैयारियों को तेज अंधड़ के कारण बीच में रोकना पड़ा गया। कई जगहों पर नगर निगम प्रशासन द्वारा बनाए गए स्वागत द्वार सड़क के बीचों-बीच गिर गए। चौक-चौराहों पर की गई साज-सज्जा तेज अधड़ अपने साथ उड़ाकर ले गया। वैसे शुक्रवार की सुबह गर्मी से लोगों का बुरा हाल था। सूर्यदेव ने अपना प्रचंड रूप अख्तियार कर लिया था। भीषण गर्मी व लू के थपेड़ों से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। शुक्रवार की दोपहर बाद आसमान में बादल छा गए और करीब चार बजे माहौल ऐसा बन गया कि जैसे रात हो गई हो। देखते-देखते ही तेज अंधड़ ने पूरे शहर को घेर लिया। एक बारगी पूरा शहर अंधेरे में डूब गया। तेज अंधड़ से लोगों में दहशत का माहौल हो गया। हर कोई सुरक्षित स्थान की ओर भाग रहा था। यही नहीं सड़कों पर भी वाहनों की गति पर पूरी तरह से ब्रेक लग गए। उन स्थानों से वाहनों को तुरंत हटा लिया गया जहां पर पेड़ों की संख्या अत्यधिक थी।





**हिसार।** तेज अंधड़ के चलते मधुवन पार्क के सामने गिरा पड़ा स्वागत द्वार और दिन में छाए अंधेरे के बाद लाइट जलाकर निकलते वाहन चालक।

### एहतियात के तौर पर बिजली निगम ने फीडर बंद किए

तेज अंधड़ को देखते हुए विद्युत निगम ने एहतियात के तौर पर सभी फीडरों में बिजली आपूर्ति बंद कर दी। बिजली आपूर्ति बंद होने से पूरा शहर अंधेरे में डूब गया।

कई जगहों पर बिजली के खम्भे गिरने से निगम को नुक्सान हुआ। देर रात्रि तक शहर के अधिकांश हिस्सों में बिजली आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई थी।



### मंडियों में भीगा गेहूं

*जिले की अनाज मंडियों तथा खरीद सेंटरों पर गेहूं की आवक शुरू हो चुकी है, लेकिन कई जगहों शेड के नीचे सरसों की बोरियां पड़ी है और उनका उठान नहीं होने के कारण खुले आसमान के नीचे पड़ी गेहूं दोपहर बाद तेज अंधड़ के साथ हुई बारिश में भीग गया।*

### किसानों के चेहरे मुरझाए

तेज अंधड़ के साथ आई बारिश के कारण किसानों के चेहरे मुरझा गए हैं। सरसों की कटाई लगभग पूरी हो चुकी है, जबकि गेहूं की कटाई शुरू हो चुकी है। पीक सीजन में बेमौसम बारिश के कारण गेहूं की कटाई पर असर पड़ना लाजमी है। खेतों में खड़ा पीला सोना बारिश में भीग गया है, अब किसानों को खेतों के सीखने का इंतजार रहेगा।

## तेज आंधी और बारिश के साथ बिजली गुल, किसानों का पीला सोना भीगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

शुक्रवार को तेज तूफान के बाद तेज बारिश शुरू हो गई जिसके कारण बिजली गुल हो गई और अनाज मंडी में पड़ा किसानों का पीला सोना भीग गया। दिन में ही रात हो गई। तेज आंधी से काफी जगह पेड़ भी गिर गए। लेकिन कोई नुकसान नहीं हुआ।

खेतों में खड़ी गेहूं की भी खराब हो गई किसानों ने सरकार से मुआवजा देने की मांग की हैं। शुक्रवार को करीब चार बजे मौसम में बदलाव हो गया। दिन के समय ही अंधेरा छा गया और कुछ ही देर बाद तेज तूफान आ गया जिसके कारण किसानों के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल गिर गई और काफी पेड़ पौधे भी तेज तूफान के कारण गिर गए। तेज तूफान के साथ बारिश भी शुरू हो गई। काफी किसान गेहूं की फसल अनाज मंडी में बेचने के लिए लेकर आए हुए हैं। करीब डेढ़ लाख क्विंटल गेहूं की आवक अनाज मंडी में आ चुकी है। खेड़ी चोपटा अनाज मंडी में तो एक भी शेड नहीं है। किसानों की फसल खुले आसमान के नीचे ही पड़ी हुई हैं। जो की पूरी तरह से भीग गई है। अनाज मंडी में शेड बनाने की मांग पिछले काफी समय से करते आ रहे हैं। लेकिन सरकार ने अभी तक कोई शेड का निर्माण नहीं करवाया है। अनाज मंडी में भी तीन शेड बने हुए हैं। उसके बावजूद भी काफी किसानों की गेहूं की फसल खुले में पड़ी हुई है।

### किसानों ने की मुआवजे की मांग

*किसान अमरजीत, अनिल, कुलदीप, जयबीर, रामकेश, आजाद, बलबीर इत्यादि ने बताया कि इस बे मौसम बारिश के कारण किसानों को भारी नुकसान हुआ है। खेतों में खड़ी गेहूं वह सरसों की फसल भी नष्ट हो गई है और अनाज मंडी में भी फसल भीग गई है। सरकार द्वारा अनाज मंडी में सुविधा के नाम पर सरकार की तरफ से खोखले दावे किए जा रहे हैं जब मौसम की मार पड़ती है तो किसानों को अनाज मंडी में कोई सुविधा नहीं मिलती बल्कि खुले में पड़ी हुई फसल भी खराब हो जाती है। सरकार से मांग है की 50 हजार प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिया जाए।*



**हिसार।** हड़ताल में शामिल बार एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य।

## हिसार बार के वकील रहे हड़ताल पर

**हिसार।** जिला बार एसोसिएशन की ओर से उकलाना तहसील में एक जमीन की रजिस्ट्री मामले में को लेकर नायब तहसीलदार एवं अधिवक्ता दुष्यंत नैन के बीच हुई कहासुनी व अभद्र व्यवहार के विरोध में शुक्रवार को एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की गई।

इस दौरान जिला कोर्ट में प्रॉक्सी वकीलों को छोड़कर कोई भी अधिवक्ता पेश नहीं हुआ। बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट संदीप बूरा और सचिव एडवोकेट समीर भाटिया ने बताया कि नायब तहसीलदार द्वारा अधिवक्ता के साथ की गई अभद्र भाषा का प्रयोग व उनके स्टाफ द्वारा धक्का-मुक्की कर कार्यालय से बाहर निकालना निंदनीय और अस्वीकार्य है। बार पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अधिवक्ताओं की गरिमा, सम्मान और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यदि आवश्यकता पड़ी तो भविष्य में और कठोर कदम उठाए जाएंगे। इस मौके पर उपप्रधान विकास पूनिया, सहसचिव सुनील भारद्वाज, कोषाध्यक्ष सुनील सहदेव, उमेद गोदारा, दलबीर बिश्नोई, संदीप लांबा, मंजीत नैन, दीपक शर्मा प्रदीप पराशर, सुशील शर्मा, प्रवीण खुराना, राम सिंह भांखर, पृथ्वी सिंह सैनी आदि काफी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## हरियाणा कौशल रोजगार निगम से हटाए गए कर्मचारी सड़क पर उतरे

### चुनाव से पहले जॉब गारंटी दी और नौकरी से बाहर किया : यादव

### सरकार के खिलाफ नारेबाजी, उपायुक्त कार्यालय तक प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा सरकार द्वारा विभिन्न विभागों से कौशल निगम के कर्मचारियों को नौकरी से हटाने के विरोध में तमाम विभागों के कर्मचारी कृषि विश्वविद्यालय के नम्बर चार पर जिला प्रधान सुरेंद्र यादव की अध्यक्षता में इकट्ठा हुए। मंच का संचालन सहसचिव अशोक सैनी ने किया। तमाम कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करतें हुए उपायुक्त कार्यालय तक प्रदर्शन किया।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला हिसार प्रधान सुरेंद्र यादव कहा कि हरियाणा सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले पूरे प्रदेश के कच्चे कर्मचारियों को जॉब सुरक्षा की गारंटी दी गई। चुनाव के उपरांत अब तक प्रदेश सरकार हरियाणा रोजगार कौशल निगम के लगे हुए कर्मचारियों को विभिन्न विभागों मुख्य रूप से सिंचाई, पशुपालन, पंचायत विभाग में लगे कनिष्ठ अभियंता और अन्य से लगभग 4500 से 5000 कर्मचारियों को नौकरी से हटा चुकी है। संघ सरकार के कच्चे कर्मचारियों को हटाने के फैसले की कड़े शब्दों में निन्दा करता है। दूसरी ओर हरियाणा प्रदेश में लाखों पद खाली पड़े हैं। उन्होंने कहा कि सरकार अपने ही अध्यादेश को वापस लेते हुए अपने वायदे से मुकरने का काम कर रही है। जिससे सरकार का दोगला चरित्र सामने आ रहा है। कच्चे कर्मचारियों में अपनी नौकरी सुरक्षा को लेकर भय का माहौल बना हुआ है जिस प्रकार सरकार अपनी कार्रवाई कर रही है। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने मांग की है कि कच्चे कर्मचारियों की जॉब सुरक्षा की बजाय पूर्व वर्ती सरकारों की तर्ज़ उन्हें पक्का करने की मांग को लगातार उठाए हुए हैं। भाजपा सरकार ने इन कर्मचारियों के बारे में कोई भी संज्ञान नहीं लिया तो पूरे प्रदेश का कर्मचारी व कच्चे कर्मचारी 20 अप्रैल को मुख्यमंत्री आवास के बाद बड़ा प्रदर्शन करेंगे।




**हिसार।** शहर में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

प्रदर्शन को रिटायर्ड जिला प्रधान मनोहर लाल जाखड़, नरेश गौतम, राजेश बागड़ी, रणबीर रावत, छबीलदास मोलिया, संदीप पुनिया, सुरेंद्र गोलू, सुनील लाडवा, ओमप्रकाश माल, विनोद प्रभाकर, संदीप पुनिया, रविंद्र शर्मा, सोमबीर मोर, सुरेश मौगिया, रोहिताश शर्मा, रामसूरत, मोहम्मद ईशाक, दीपक मेहरा, सुरेश रोहिल्ला, जसबीर श्योकंद, देवेन्द्र लोहान, जितेन्द्र सिहाग, वरूण कौशिक आदि भी शामिल हुए।

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन की राज्य कमेटी के आह्वान पर जिला के प्रतिनिधिमंडल ने वर्दी भत्ता पुनः वेतन में शामिल करने की मांग को लेकर जिला प्रधान रामफल शिकारपुर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा।

जिला प्रधान रामफल शिकारपुर में बताया कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पहले वेतन के साथ 440 रुपये मासिक वर्दी भत्ते के रूप में मिलते थे। अब सरकार ने अप्रैल 2025 से वर्दी भत्ते की राशि 5280 रुपये बिल के माध्यम से एकमुश्त देने को लेकर पत्र जारी कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले से जहां भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा, वहीं कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इसलिए यूनियन ने ज्ञापन के माध्यम से यह निर्णय वापस लेने और वर्दी भत्ता पुनः वेतन के साथ दिया जाए। इस अवसर पर सुरेन्द्र कुमार, ईश्वर, बारु राम, सतीश, सिंचाई विभाग ब्रांच के प्रधान अशोक श्योकन्द, वेद प्रकाश, जगसीर खेदड़, ऋषिकांत व सुनील कुमार आदि भी मौजूद रहे।



## सर्वजन कल्याण सेवा समिति ने मनाई महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती

**हिसार।** सर्व जन कल्याण सेवा समिति ने सैनियान मौहल्ला स्थित सेवा भारती स्कूल में महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती पर विद्यार्थियों को अध्यनन सामग्री भेंट की। कार्यक्रम में वार्ड 4 से निगम पार्षद हरि सिंह सांखला ने मुख्य अतिथि रहे जबकि अध्यक्षता संस्था के युवा जिला अध्यक्ष व निगम पार्षद रवि सैनी जमालपुरिया ने की। बच्चों को सबोंधित करते हुए पार्षद हरि सिंह सांखला ने बच्चो को फूले दंपति के जीवन परिचय तथा उनके द्वारा किए गए समाजहित के कार्यो से अवगत करवाया। अध्यक्ष पार्षद रवि सैनी ने बच्चों को अच्छी शिक्षा और हर जरूरी सामान मुहैया करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर फूले दंपति को केंद्र सरकार से भारत रत्न देने की मांग की गई। कार्यक्रम में संस्था के सरंक्षक रमेश सैनी, देवेन्द्र सैनी, मुकेश सैनी निरीक्षक आबकारी एवं काराधान, प्रधान सुन्दर सैनी, मास्टर अंबिका प्रसाद, सत्यवान शर्मा सचिन ग्रोवर, मा. रमेश सैनी, मा. सदीप, बलबीर सैनी रिटायर्ड एसआई आदि उपस्थित थे।

## कैबिनेट मंत्री ने पशु अस्पताल की आधारशिला रखी व हॉल का किया उद्घाटन

# महात्मा ज्योतिबा फुले महान समाज सुधारक चिंतक और शिक्षाविद थे : रणबीर गंगवा

### मंत्री ने अपने ऐच्छिक कोटे से 21 लाख रुपये देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने महाराजा शूरसेन सैनी धर्मशाला, बरवाला में आयोजित महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कैबिनेट मंत्री ने ऐच्छिक कोटे से 21 लाख रुपये देने की घोषणा की।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने धर्मशाला परिसर में नवनिर्मित महात्मा ज्योतिबा हॉल का विधिवत उद्घाटन किया। यह हॉल मुख्यमंत्री हरियाणा द्वारा घोषित 55 लाख रुपये की ग्रांट से निर्मित किया गया है। कैबिनेट मंत्री ने गांव धांसू में बीसी चौपाल में बने 11 लाख की लागत से हॉल का उद्घाटन किया। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले एक महान समाज सुधारक, चिंतक और शिक्षाविद थे। उन्होंने नारी शिक्षा और और सामाजिक समानता के लिए जीवन भर संघर्ष किया। महात्मा फुले के विचार आज भी समाज में जागरूकता और समानता के प्रतीक हैं। उद्घाटन समारोह में भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पुनिया, पूर्व चेयरमैन सतबीर सिंह वर्मा, भाजपा हांसी जिलाध्यक्ष अशोक सैनी, पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. सुभाष चंद्र जांगड़ा, अनिल नागपाल, दिनेश सिंह सैनी, प्रवीन सैनी, शिवकुमार सैनी, राजेश सैनी, बसेसर सैनी, ओम प्रकाश सैनी, कलवंत सैनी, संजीव गुप्ता, रामकेश बंसल, मुनीष गोयल, संदीप आजाद सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

- नारी शिक्षा और और सामाजिक समानता के लिए जीवन भर संघर्ष किया
- फुले के विचार आज भी समाज में जागरूकता के प्रतीक




**हिसार।** नवनिर्मित महात्मा ज्योतिबा फुले हॉल का उद्घाटन करने के बाद कैबिनेट मंत्री रणवीर सिंह गंगवा को स्मृति चिन्ह देते आयोजक फोटो : हरिभूमि

### धांसू गांव में बनेगा पशु अस्पताल

कैबिनेट मंत्री रणवीर सिंह गंगवा ने शुक्रवार को धांसू में 40 लाख 50 हजार की लागत से बनने वाले पशु अस्पताल की आधारशिला रखी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस विकास परियोजना का निर्माण कार्य निर्धारित समय अवधि में पूरा करवाना सुनिश्चित करें।



चीता दुनिया का सबसे तेज़ जमीनी जानवर है, जो 112 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से दौड़ सकता है।



दुनिया में पक्षियों की 9,500 से ज्यादा प्रजातियां हैं। दुनिया का एकमात्र पंखहीन पक्षी कीवी है।

# हिंदी भाषा पसंद है तो इन क्षेत्रों में बनाएं अपना करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

भारत में हिन्दी सबसे महत्वपूर्ण भाषा है। यह भारत की 22 आधिकारिक भाषाओं में से एक है और राज्य भाषा का अधिकार रखती है। संसदीय कार्य से लेकर न्यायिक और सरकारी संस्थानों में इसे ऑफिशियल कम्युनिकेशन की तरह उपयोग किया जाता है। हिंदी विश्व स्तर पर तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है, जिसमें लगभग 425 मिलियन लोग इसे अपनी पहली भाषा के रूप में पहचानते हैं और अतिरिक्त 120 मिलियन लोग हिंदी को दूसरी भाषा के रूप में बोलते हैं। हिंदी के क्षेत्र में कई बेहतरीन करियर ऑप्शन मौजूद हैं। इस फील्ड में भी अच्छा करियर बनाया जा सकता है।

## ये करियर ऑप्शन

### राजभाषा ऑफिसर

ये राष्ट्रीयकृत बैंकिंग संस्थानों में राजभाषा ऑफिसर के रूप में कार्य करते हैं। उनकी नियुक्ति बैंक की सभी शाखाओं में होती है। इनकी प्राथमिक भूमिका ग्राहकों की मदद करने के अलावा रोज के कामों में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देना है। वे विभिन्न आधिकारिक दस्तावेजों का हिंदी में अनुवाद भी करते हैं।

### जर्नलिज्म

अगर आप ने हिंदी भाषा में जर्नलिज्म का कोर्स किया है तो आप पत्रकारिता के क्षेत्र में एंकर, न्यूज एडिटर, न्यूज राइटर और रिपोर्टर आदि जैसे कई जॉब प्रोफाइल पर रहकर अच्छी सैलरी हासिल कर सकते हैं। यहां पर आपको न्यूजपेपर, रेडियो चैनलों, समाचार चैनलों, पत्रिकाओं और डिजिटल समाचार मीडिया जैसे कई करियर ऑप्शन मिल जाएंगे।

### कंटेंट राइटर/एडिटर

आज के समय में कंटेंट राइटर या एडिटर की जॉब को बेहतर विकल्प माना जाता है। इनका काम ब्लॉग लिखना, मार्केटिंग कॉपी, सोशल मीडिया कॉपी आदि लिखना व उसको एडिट करना होता है। हिंदी या मास कम्युनिकेशन में डिग्री होल्डर्स आसानी से हिंदी कंटेंट राइटर/एडिटर के रूप में अपना करियर बना सकते हैं। कंटेंट राइटर और एडिटर्स पब्लिकेशन हाउस और मीडिया हाउस व एड एजेंसी में काम कर सकते हैं।

## यहां मिलेगा मौका

### ट्रांसलेटर

आज जिस तरह से पूरा विश्व का एकीकरण हो रहा है उसमें हिंदी ट्रांसलेटर के लिए करियर के नए रास्ते खुल गए हैं। इस फील्ड में अब काम की कोई कमी नहीं है। हिंदी ट्रांसलेटर के तौर पर आप घर पर बैठकर भी काम कर सकते हैं। हालांकि एक बेहतरीन ट्रांसलेटर बनने के लिए आपकी हिंदी के साथ दूसरी भाषा पर भी अच्छी पकड़ होनी चाहिए। कई बड़ी कंपनियां भी अपने कंटेंट को हिंदी में मुहैया कराने के लिए ट्रांसलेटर को नियुक्त करती हैं।

### इंटरप्रिटेशन

इंटरप्रेटर का काम भी ट्रांसलेटर की तरह एक लैंग्वेज का दूसरे लैंग्वेज में अनुवाद करना होता है। हालांकि इंटरप्रेटर लिखकर नहीं बल्कि बोलकर यह काम करते है। एक इंटरप्रेटर उन शब्दों को ट्रांसलेट करता है, जो दूसरा व्यक्ति अलग भाषा में कहता है। आप इंटरप्रेटर के तौर पर राजनयिक मिशनों, संयुक्त राष्ट्र और विदेशी छात्रों के साथ काम कर सकते हैं।

### वॉयस ओवर आर्टिस्ट

एंटरटेनमेंट की दुनिया आज बहुत व्यापक हो गई है। हर माह कई विदेशी फिल्में व कार्टून भारत में लांच हो रही हैं। यदि आप में बोलने का स्किल और अच्छी आवाज है, तो आप वॉयस-ओवर को करियर ऑप्शन के रूप में अपना सकते हैं। वॉयस-ओवर कलाकारों की फिल्मों के अलावा रेडियो स्टेशनों, पॉडकास्ट, विज्ञापनों की डबिंग में काफी डिमांड रहती है।

### हिंदी टाइपिस्ट/हिंदी स्टेनोग्राफर

हिंदी स्टेनोग्राफर और टाइपिस्ट की डिमांड कई दशकों से बनी हुई है। खास तौर पर सरकारी क्षेत्र में निकलने वाली जॉब में। हिंदी टाइपिंग और स्टेनोग्राफर का कोर्स कर आप अच्छी सैलरी के साथ सरकारी जॉब पा सकते हैं। इसके अलावा प्राइवेट सेक्टर में भी आप अच्छी तनख्वाह पर नौकरी पा सकते हैं।

## स्पीच राइटर

अगर आप में लिखने की क्षमता है तो आप स्पीच राइटर बन सकते हैं। स्पीच लोगों को प्रभावित करने का सबसे महत्वपूर्ण तरीका है। सम्मोहक स्पीच लिखने के लिए लैंग्वेज पर कंट्रोल की जरूरत होती है। अगर आपमें ये काबिलियत है तो आप किसी राजनीतिक पार्टी के साथ जुड़कर स्पीच राइटर बन सकते हैं। वहीं सरकारी क्षेत्र, विज्ञापन एजेंसियों, कॉर्पोरेट में काम भी इनके लिए दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं।

### नॉवलिस्ट/राइटर/ पोएट

अगर आप को नए तरीके से क्रिएटिव स्टोरी लिखना आता है तो आप हिंदी भाषा में नॉलेज हासिल करने के बाद पोएट/नॉवलिस्ट/राइटर बन सकते हैं। आज के समय में ऑडियोबुक, किंडल सपोर्टिड ई-बुक्स के राइज ने इस फील्ड में लोगों के करियर को एक नया आयाम दिया है।

### हिंदी टीचर

हिंदी टीचर की जॉब सदाबहार ऑप्शन है। टीचर बनना सभी को पसंद होता है। अरग आपकी हिंदी में अच्छी पकड़ है तो आप किसी भी सरकारी और निजी शिक्षण संस्थान में हिंदी टीचर के तौर पर जॉब कर सकते हैं।

### राइटिंग

हिन्दी में अच्छी पकड़ रखने वाले लोगों का फिल्म जगत और टेलीविजन के क्षेत्र में खासी डिमांड होती है। आज के समय में ओटीटी प्लेटफार्म के आने से इस क्षेत्र के करियर स्कोप बढ़ गया है। अगर आप हिन्दी में अच्छे हैं तो आप प्रॉडक्शन हाउस, मीडिया हाउस में स्क्रप्टि राइटिंग, डायलॉग्स या लिरिक्स भी लिख सकते हैं। लेकिन अगर आप स्क्रीन राइटर बनना चाहते हैं तो आपको बीए हिन्दी करने के बाद स्क्रीन राइटिंग कोर्स में पोस्ट ग्रेजुएशन करनी होगी ताकि आपके भीतर लेखन की अच्छी समझ विकसित हो सके।

### अध्यापक

हिंदी को पूरा करने के बाद क्लासिक और लोकप्रिय करियर विकल्पों में से एक अध्यापक बनकर आने वाली पीढ़ियों को भाषा का ज्ञान और क्षमता प्रदान करना है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी की लोकप्रियता बढ़ने के साथ-साथ भारत से बाहर के छात्रों को हिंदी सिखाने के अवसर भी हैं।

---

छात्र कर सकते हैं विभिन्न प्रकार के मेडिकल और चिकित्सा से संबंधित कोर्स

# बायोलॉजी से 12वीं करने के बाद छात्र को मिलते हैं कई ऑप्शन और करियर विकल्प

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## यही करियर बनाने का सही समय

एक 12वीं कक्षा पास करने के बाद विद्यार्थी के जीवन में अहम बदलाव आते हैं और यही वह मोड होता है, जहां पर खड़े रहकर हर एक विद्यार्थी सोचता है कि अब किस तरफ जाना है क्योंकि 12वीं कक्षा तक का रास्ता आसानी से पास हो जाता है। लेकिन अब 12वीं बायोलॉजी के बाद अनेक सारे रास्ते होते हैं, जिसमें से एक बेहतरीन और अपने लिए सही रास्ते का चयन करना काफी मुश्किल हो जाता है। विद्यार्थी 12वीं तक कुछ ज्यादा भविष्य के बारे में नहीं समझ पाते हैं। इसीलिए अब 12वीं के बाद उन्हें अपने भविष्य के लिए भी रास्ते का चयन करना होता है। तो 12वीं के बाद क्या करें ये हर एक विद्यार्थी के मन में प्रश्न उठता है। बता दे की 12वीं कक्षा निर्धारित किए गए सिलेबस के तहत होती है। 10वीं कक्षा तक का निर्धारित किए गए सिलेबस के आधार पर ही पढ़ाई होती है तथा 10वीं के बाद विद्यार्थी अपनी इच्छा से मौजूद सिलेबस में से किसी सिलेबस का चयन करके उसके तहत आगे की पढ़ाई कर सकते हैं। 10वीं कक्षा के बाद अधिकांश विद्यार्थी बायोलॉजी की तरफ बढ़ते हैं और 11वीं तथा 12वीं कक्षा बायोलॉजी से पास करते हैं। लेकिन 12वीं बायोलॉजी से पास करने के बाद अब आगे क्या करें यह सवाल उनके मन में भी रहता है। बायोलॉजी सिलेबस मेडिकल क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए निर्धारित किया गया है। अगर आप भी डॉक्टर बनना चाहते हैं। मेडिकल या चिकित्सा के क्षेत्र में किसी पद पर कायम होकर अपने बेहतर भविष्य की कल्पना करते हैं। तो 10वीं के बाद बायोलॉजी विषय ही लिया जाता है बायोलॉजी विषय काफी महत्वपूर्ण और कठिन भी होता है तथा कुछ विद्यार्थियों को इसमें रुचि भी आती है। लेकिन 12वीं कक्षा बायोलॉजी में पास करने के बाद अब विद्यार्थी को क्या करना चाहिए इस बारे में भी जान लेना बहुत जरूरी है क्योंकि विद्यार्थी 12वीं बायोलॉजी से पास करने के बाद अनेक सारे रास्ते देख कर यह समझ नहीं पता है कि अब उसे क्या करना चाहिए और उनके लिए कौन सा रास्ता सही है?



## बायो से क्या-क्या बन सकते हैं

अगर आप भी बायोलॉजी के विद्यार्थी हैं और अपने 12वीं कक्षा बायोलॉजी सिलेबस के तहत पास कर ली है, तो अब आपके सामने विभिन्न प्रकार के रास्ते हैं इनमें से सही रास्ता कौन सा है? आपको किस पद पर चलना चाहिए? इस तरह के सवाल आपके मन में आते हैं, तो हम आपको बता देते हैं कि बायोलॉजी से 12वीं कक्षा पास करने के बाद आप मेडिकल तथा चिकित्सा के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के पदों पर कार्यरत हो सकते हैं। अगर आप यह सोचते हैं कि सिर्फ एमबीबीएस डॉक्टर ही बन सकते हैं, तो ऐसा आप गलत सोचते हैं। 12वीं कक्षा में बायोलॉजी विषय से सफलता प्राप्त करने के बाद आप विभिन्न प्रकार के मेडिकल और चिकित्सा के क्षेत्र वाले कोर्स कर सकते हैं और उन कोर्स को करके एक बेहतरीन करियर की कल्पना कर सकते हैं। तो आईए जानते हैं

### नर्सिंग कोर्स

बायोलॉजी सब्जेक्ट में 12वीं कक्षा पास करने के बाद अधिकांश विद्यार्थियों द्वारा नर्सिंग कोर्स का चयन किया जाता है क्योंकि नर्सिंग कोर्स के तहत विद्यार्थियों को डॉक्टर की सहायता करना सिखाया जाता है कि किस तरह से मरीज के साथ काम करना है। मरीज को किस तरह से आराम देना है और उसका ट्रीटमेंट कैसे करना है। नर्स बनने के लिए नर्सिंग कोर्स करवाया जाता है। इस कोर्स से अस्पताल में डॉक्टर के साथ काम करना सिखाया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद शुरुआती समय में ही आपको आसानी से 25 से 30000 रुपये मिल जाते हैं और अनुभव के आधार पर सैलरी में बढ़ोतरी भी हो जाती है।

## साइकोलॉजिस्ट कोर्स

इस भागदौड़ भरी जीवन शैली के कारण लोग मानसिक रूप से परेशान होते हैं, तनाव में आ जाते हैं और उन्हें साइकोलॉजिस्ट की आवश्यकता होती है। वो साइकोलॉजिस्ट उन्हें मानसिक रूप से उसे सिचुएशन से बाहर निकालने की कोशिश करता है और इसके बदले में वह मोटी फीस लेता है। तो आप भी बायोलॉजी में 12वीं कक्षा पास करने के बाद साइकोलॉजिस्ट बन सकते हैं। इसके लिए आपको बैचलर ऑफ साइकोलॉजी डिग्री कोर्स करना होगा। यह कोर्स तीन वर्ष कोर्स है। इस कोर्स को करने के बाद आपको 2 वर्ष का मास्टर ऑफ साइकोलॉजी कोर्स भी करना होगा, उसके बाद आप साइकोलॉजिस्ट बन जाएंगे।

### न्यूट्रिशन एंड डायटिस्ट कोर्स

वर्तमान समय में लोग सही तरह के खाने पीने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं जिसके लिए उन्हें न्यूट्रिशन एवं डाइटिस्ट की आवश्यकता होती है। बता देते हैं कि किसी व्यक्ति को न्यूट्रिशन कितना लेना चाहिए, किस मात्रा में लेना चाहिए, किस समय लेना चाहिए? ये एक न्यूट्रिशन बता सकता है और व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए कौन-कौन सा खाना खाना चाहिए, कितनी डाइट होनी चाहिए, अपनी डाइट में क्या-क्या शामिल करना चाहिए? यह सभी एक डायटिस्ट बता सकता है। इसीलिए इन दोनों को मिलाकर न्यूट्रिशन एंड डायटिस्ट कोर्स बनाया गया है। इस कोर्स को करने के बाद आप लोगों को सही प्रकार से भोजन करना सीख सकते हैं।

## बी डी एस कोर्स

बीडीएस का फुल फॉर्म बैचलर ऑफ डेंटल साइंस होता है। यह एक अंडरग्रैजुएट कोर्स है। जो 12वीं के बाद करवाया जाता है यह 3 वर्ष का कोर्स होता है। बैचलर ऑफ डेंटल साइंस नाम से ही पता चलता है कि इस कोर्स को करने से दांतों का डॉक्टर बन जा सकता है यानी इस कोर्स में दांतो से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। इस कोर्स के दौरान स्टूडेंट को दांतो से संबंधित बीमारियों की जानकारी दी जाती है। दांतो के मरीज का इलाज कैसे करना है यह भी सिखाया जाता है। आप बैचलर ऑफ डेंटल साइंस कोर्स करके प्राइवेट और गवर्नमेंट हॉस्पिटल में डेंटिस्ट बन सकते हैं। वर्तमान समय में दांतो के डॉक्टर हर महीने 2 से 5 लाख आसानी से कमा लेते हैं।

## डर्मेटोलॉजिस्ट कोर्स

अगर आप त्वचा यानी स्क्रीन की बीमारियों का इलाज करने वाला डॉक्टर बनना चाहते हैं यानी आप त्वचा चिकित्सक बनना चाहते हैं, तो यह कोर्स खास आपके लिए हैं। इस कोर्स को 12वीं कक्षा में बायोलॉजी में सफलता प्राप्त करने के बाद किया जा सकता है। इस कोर्स के तहत त्वचा से संबंधित होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जाती है जैसे कि मुंहासे, शरीर में धब्बे, खुजली आदि का इलाज कैसे करते हैं? ये समस्याएं क्यों उत्पन्न होती हैं? इसके लिए कौन-कौन सी दवाइयां हैं? किस तरह की चिकित्सा प्रणाली है? इस बारे में जानकारी दी जाती है। डर्मेटोलॉजिस्टिक बनकर आप हर महीने शुरुआती तौर पर 50000 रुपये से भी अधिक कमा सकते हैं।

## रेडियोग्राफी कोर्स



वर्तमान समय में रेडियो ग्राफिक कोर्स करने वालों की डिमांड काफी ज्यादा देखने को मिलती हैं। बता देते हैं कि रेडियोग्राफी कोर्स करने से आपको मरीज के जांच वाली मशीनों का ज्ञान दिया जाता है। आज के समय में जब हम बीमार पड़ते हैं, तो सबसे पहले हमारा एक्स-रे किया जाता है, हमारा बल्ड टेस्ट किया जाता है, सिटी स्कैन किया जाता है, एमआरआई स्कैन किया जाता है, लैब टेस्ट किया जाता है और विभिन्न प्रकार के टेस्ट एवं जांच की जाती है। उन सभी के लिए वर्तमान समय में विभिन्न प्रकार की मशीन है और उपकरण आ चुके हैं। इन मशीनों और उपकरणों को चलाने तथा सही ढंग से इस्तेमाल करने के लिए रेडियोग्राफी कोर्स किया गया है। आप इस रेडियोग्राफी कोर्स को करके हर महीने 50000 तक आसानी से कमा सकते हैं।

## बी फार्मा कोर्स

बी फार्मा कोर्स को बैचलर ऑफ़ फार्मेसी भी कहते हैं। इस कोर्स की मदद से आपको दवाइयां का ज्ञान हो जाता है। औषधीय का ज्ञान हो जाता है। चिकित्सा और मेडिकल के क्षेत्र में उपयोग की जाने वाली संबंधित दवाइयां और औषधीय किस समय किस मरीज को कौन सी बीमारी के समय कितनी उपलब्धता के आधार पर देनी होती है। इस बात की जानकारी इस कोर्स में उपलब्ध है। इस कोर्स को करने से दवाइयां के इस्तेमाल के बारे में पूरी जानकारी पता चल जाती है जिसके बाद आप अपना खुद का मेडिकल स्टोर भी खोल सकते हैं या मेडिकल क्षेत्र में काम भी कर सकते हैं। इसके लिए आप डिप्लोमा इन फार्मेसी, बैचलर ऑफ फार्मेसी या फिर मास्टर ऑफ साइंस ऑफ फार्मेसी कोर्स कर सकते हैं। इस कोर्स को करने के बाद आप हर महीने 30 से 35000 आसानी से कमा सकते हैं

## पैरामेडिकल कोर्स

बायोलॉजी विषय के अंतर्गत 12वीं कक्षा पास करने के बाद पैरामेडिकल कोर्स का चयन भी बड़ी मात्रा में किया जाता है। बता देते हैं कि पैरामेडिकल कोर्स में फार्मेसी नर्सिंग तथा हेल्थ केयर सेक्टर से संबंधित ज्ञान उपलब्ध कराया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद आप हेल्थ केयर सेक्टर में बड़े पदों पर नौकरियों का सकते हैं। पैरामेडिकल कोर्स करने के बाद हेल्थ केयर सेक्टर में जॉब करने पर शुरुआती तौर पर आप हर महीने 30 – 35000 हजार रुपए आसानी से कमा सकते हैं और उसके बाद 4-5 साल के एक्सपीरियंस के बाद आप हर महीने एक से डेढ़ लाख रुपए भी आसानी से कमा सकते हैं।

## एमबीबीएस कोर्स

एमबीबीएस का फुल फॉर्म बैचलर ऑफ मेडिसिन एंड बैचलर ऑफ सर्जरी होता है। बायोलॉजी में 12वीं कक्षा पास करने के बाद सबसे अधिक चयन किए जाने वाले कोर्स की सूची में सबसे पहले एमबीबीएस कोर्स का नाम ही आता है। लेकिन यह काफी कठिन कोर्स है इसके लिए आपको केंद्रीय स्तर पर आयोजित नीट एंट्रेंस एग्जाम पास करना होगा और उस एग्जाम में अच्छे अंक लाकर मेरिट में भी स्थान बनाना होगा, तभी आप इस कोर्स के लिए इलीजिबल माने जाएंगे। बता दें कि इस कोर्स को करने के लिए 12वीं कक्षा में भी अच्छे अंक प्राप्त करना जरूरी है। इस कोर्स में आपको डॉक्टर बनने से संबंधित पूरी जानकारी बताई जाती है, जिसके बाद आप किसी विशेष स्पेशलाइजेशन के डॉक्टर बन जाते हैं। स्पेशलाइजेशन जैसे कि न्यूरोलॉजिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट, ऑर्थोपेडिक्स, चाइल्ड स्पेशलिस्ट, एनएसथीसिया स्पेशलिस्ट आदि।

---

# खेलों से प्रेरणा लेकर तनाव से निपटें और सकारात्मक सोच अपनाएं



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

जीवन में हर छात्र के सामने कई चुनौतियां आती हैं-पढ़ाई का दबाव, परीक्षा की तैयारी, भविष्य की चिंता और कभी-कभी व्यक्तिगत परेशानियाँ। इन सबके बीच तनाव होना स्वाभाविक है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि खेल सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि मानसिक मजबूती और सकारात्मक सोच के लिए भी एक शानदार जरिया हो सकते हैं? आइए जानते हैं कि कैसे खेलों से प्रेरणा लेकर आप अपने जीवन में तनाव को कम कर सकते हैं और एक सकारात्मक दृष्टिकोण बना सकते हैं।

## हार को भी जीत की सीढ़ी बनाएं

खेलों में हर खिलाड़ी को हार और जीत दोनों का सामना करना पड़ता है। सचिन तेंदुलकर, पी.वी. सिंधु या विराट कोहली जैसे दिग्गज खिलाड़ियों ने भी अपने करियर में कई बार असफलताओं का सामना किया, लेकिन उन्होंने हार को कभी अंत नहीं माना। हार उनके लिए एक सबक थी, एक नई शुरुआत का मौका थी। जब आप पढ़ाई में कम नंबर लाएं या किसी लक्ष्य को हासिल न कर पाएं, तो उसे खेल की तरह देखें। हार से सीखें, अपनी कमियों को सुधारें और अगली बार दोगुनी मेहनत के साथ मैदान में उतरें। यही सकारात्मक सोच आपको आगे बढ़ाएगी।

**टीमवर्क से सीखें एकजुटता** : क्रिकेट, फुटबॉल या कबड्डी जैसे खेल हमें सिखाते हैं कि अकेले नहीं, बल्कि टीम के साथ मिलकर बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। जब तनाव बढ़ता है, तो अपने दोस्तों, परिवार या शिक्षकों का साथ लें। उनसे बात करें, अपनी परेशानियाँ साझा करें और मदद मांगने में संकोच न करें। जैसे मैदान पर हर खिलाड़ी अपनी भूमिका निभाता है, वैसे ही आपके जीवन में भी लोग आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल सकते हैं। यह एकजुटता आपको तनाव से लड़ने की ताकत देगी।

**लक्ष्य निर्धारित करें, छोटे कदमों से आगे बढ़ें** : खेलों में हर खिलाड़ी का एक लक्ष्य होता है-चाहे वह रन बनाना हो, गोल करना हो या मेडल जीतना हो। लेकिन यह लक्ष्य रातोंरात हासिल नहीं होता।

## शारीरिक सक्रियता से दूर करें तनाव

खेल न सिर्फ दिमाग को तरोताजा करते हैं, बल्कि शरीर को भी ऊर्जा देते हैं। जब आप तनाव में हों, तो कुछ देर के लिए किताबें बंद करें और बाहर निकलें। दौड़ें, बैडमिंटन खेलें, या बस अपने दोस्तों के साथ हल्की-फुल्की मस्ती करें। शारीरिक गतिविधि से आपके शरीर में एंडोर्फिन हार्मोन रिलीज होता है, जो तनाव को कम करता है और आपको खुश रखता है। रोजाना 20-30 मिनट का खेल आपके दिमाग को शांत करेगा और सकारात्मक ऊर्जा देगा।

**अनुशासन और समय प्रबंधन की कला** : खिलाड़ी अपने जीवन में अनुशासन और समय का सही उपयोग करना सीखते हैं। सुबह जल्दी उठना, अभ्यास करना, और अपने लक्ष्य पर ध्यान देना यह सब खेल हमें सिखाते हैं। आप भी अपने दिन की योजना बनाएं। पढ़ाई, खेल और आराम के लिए समय निर्धारित करें। जब आपका जीवन व्यवस्थित होगा, तो तनाव अपने आप कम हो जाएगा। अनुशासन आपको यह एहसास दिलाएगा कि आप अपने जीवन के मालिक हैं।

**हर दिन खुद को प्रेरित करें** : खेलों में खिलाड़ी हर मैच को एक नई चुनौती की तरह लेते हैं। आप भी हर दिन को एक नया मौका मानें। सुबह उठकर खुद से कहें, "आज मैं कुछ नया सीखूंगा, कुछ बेहतर करूंगा।" अपने पसंदीदा खिलाड़ी की मेहनत और संघर्ष की कहानियों को याद करें। उनकी तरह आप भी अपने सपनों के लिए लड़ सकते हैं। यह सोच आपको तनाव से निकालकर सकारात्मक दिशा में ले जाएगी।

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से वह सागर कौन - सा है, जो भू-बद्ध है ?
(ए) लाल सागर
(बी) तिमोर सागर
(सी) उतरी सागर
(डी) अरल सागर

**2.** अफ्रीका महाद्वीप की सबसे बड़ी झील है -
(ए) विक्टोरिया
(बी) न्यासा
(सी) टंगानिका
(डी) चाड

**3.** निम्नलिखित में से कौन - सा युग्म गलत है ?
(ए) ग्रेट बीयर - कनाडा
(बी) मिशिगन - यू. एस. ए.
(सी) ओनेगा - ऑस्ट्रेलिया
(डी) टिटिकाका - पेरू-बोलीविया

**4.** निम्नलिखित में से कौन ईरान की सीमा को स्पर्श करता है ?
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) अरल सागर
(सी) बाल्खश झील
(डी) बैकाल झील

**5.** निम्नलिखित में से किसको 'पर्ल ऑफ़ साइबेरिया' कहा जाता है ?
(ए) बैकाल झील
(बी) ग्रेट वीयर झील
(सी) करदा झील
(डी) लिंकनबर झील

**6.** किस देश की सीमा कैस्पियन झील से नहीं मिलती है ?
(ए) अजरबैजान
(बी) रूस
(सी) यूक्रेन
(डी) तुर्कमेनिस्तान

**7.** टान्ले सेप नाम झील निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?
(ए) थाईलैंड
(बी) कम्बोडिया
(सी) इंडोनेशिया
(डी) लाओस

**8.** पृथ्वी पर सबसे गहरा स्थल है -
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) काला सागर
(सी) मृत सागर
(डी) एजियन सागर

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(सी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(सी) 7.(बी) 8.(सी)

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क जांच शिविर 13 अप्रैल को

**सिरसा।** डबवाली रोड स्थित न्यू लाइफ केयर अस्पताल में आगामी 13 अप्रैल निःशुल्क हृदय, शुगर एवं अस्थमा रोग जांच का शिविर लगाया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अस्पताल के संचालक डा. दिनेश गिजवानी ने बताया कि 13 अप्रैल को सुबह 10 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक शिविर अस्पताल में ही आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में ओपीडी व हृदय रोगियों की ईसीजी निःशुल्क रहेगी। इसके साथ-साथ शुगर के मरीजों का टेस्ट भी फ्री किया जाएगा।

### नशे के खिलाफ जागरूक करेगी साइक्लोथॉन

**सिरसा।** नशे के खिलाफ आमजन में जागरूकता के लिए प्रदेश में जारी साइक्लोथॉन-2.0 का जिला सिरसा के डिंग बार्डर पर 26 अप्रैल को भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद 27 अप्रैल को सुबह 6 बजे शहीद भगत सिंह स्टेडियम से मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी यात्रा को हरी झंडी दिखाकर डबवाली के लिए रवाना करेंगे। यह यात्रा जिला के 22 गांवों व दो शहरी क्षेत्रों से निकलते हुए आमजन को नशा मुक्ति का संदेश देगी। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बताया कि साइक्लोथॉन को लेकर जिला वासियों में भारी उत्साह है, विभिन्न संगठन, धार्मिक व सामाजिक संस्थाएं, एनजीओ, पंचायतें इस यात्रा में अपनी सक्रिया भागीदारी निभाएगी। उन्होंने बताया कि यात्रा का रूट तय कर दिया है और अन्य तैयारियां भी की जा रही है।

### हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार, केस

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस टीम ने गश्त व चेकिंग के दौरान बड़ागुढा थाना क्षेत्र के गांव साहुवाला प्रथम से एक युवक को हजारों रुपए की 10 ग्राम 25 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है। सीआईए सिरसा प्रभार प्रेम कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान रवि कुमार पुत्र रघुबीर चंद निवासी वार्ड नंबर 4 डबवाली जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान साहुवाला प्रथम से गांव खैरेकां की तरफ जा रही थी । इसी दौरान पुलिस पार्टी जब साहुवाला से बडागुढा मोड़ पर पंहुची तो सामने मोड़ पर एक युवक आता खड़ा दिखाई दिया। पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक घबरा गया और वापस मुडक़र तेज-तेज कदमों से चल कर भागने का प्रयास करने लगा तो शक के आधार पर पुलिस पार्टी ने उक्त युवक को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली,तो उसके कब्जा से 10 ग्राम 25 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार, केस

**सिरसा।** पुलिस ने बरनाला रोड़ स्थित जेसीडी विद्यापीठ से मोटरसाइकिल चोरी की घटना को सुलझाते हुए एक युवक को काबू कर लिया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी रामकुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गुरमीत सिंह उर्फ गीतू पुत्र बुटा सिंह निवासी हदला कलां जिला मनसा पंजाब के रुप में हुई है। पुलिस टीम ने जांच के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को शहर सिरसा क्षेत्र से काबू कर उसकी निशानदेही पर चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद कर लिया है । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का अपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है। थाना प्रभारी ने बताया की गिरफ्तार किए गए आरोपी को अदालत में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

## उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन कर नाराजगी जताई

# कौशल रोजगार में लगे शिक्षकों और कर्मियों को हटाने के विरोध में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** डीसी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों और अध्यापकों को हटाए जाने के विरोध में सर्व कर्मचारी संघ जिला फतेहाबाद के आह्वान पर कर्मचारियों द्वारा शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया गया। डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों व अध्यापकों ने जमकर नारेबाजी की। इसके बाद तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर हटाए गए कर्मचारियों को तुरंत वापस नौकरी पर रखे जाने की मांग की। इस धरने-प्रदर्शन की अध्यक्षता कृष्ण जाखड़ ने की व संचालन सचिव सुरजीत दुसाद ने किया। धरने को सम्बोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव सुरजीत दुसाद, रिटायर कर्मचारी संघ के नेता बेगराज, कृष्ण चमारखेडा, अध्यापक संघ के जिला प्रधान राजपाल मिताथल, सकसं सहसचिव देवीलाल ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में से हटाए गए हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों को वापिस लेने व आगे से न हटाते हुए रेगुलर करने की मांग को लेकर आज प्रदर्शन किया गया है। हरियाणा सरकार द्वारा अपनी आउटसोर्स पॉलिसी के तहत विभिन्न विभागों में कच्चे कर्मचारी लगाए जाते हैं, जिनको लगाने के लिए अब हरियाणा कौशल रोजगार निगम बना दिया गया है। इसके माध्यम से सभी विभागों में अलग-अलग पदों पर कर्मचारी लगाए जाते हैं। सरकार द्वारा इन कर्मचारियों के लिए जॉब सिक्योरिटी अधिनियम भी बनाया गया है, उसके बावजूद भी हाल ही में सरकार के द्वारा विभिन्न विभागों में से एचकेआरएन के माध्यम से लगे कर्मचारियों को नौकरी से हटाया गया है। इन कर्मचारियों व अध्यापकों को कार्य करते हुए कई कई वर्ष हो चुके हैं परन्तु अब इन्हे नौकरी से हटा दिया गया है, जो कि गलत है। सर्व कर्मचारी संघ इसका विरोध करता है और मांग करता है कि हटाए गए एचकेआरएन में लगे कर्मचारियों को वापस नौकरी पर रखा जाए तथा आगे से नौकरी से हटाना बंद किया जाए। एक समुचित रेगुलराइजेशन की नीति बनाकर इन सभी कर्मचारियों को पक्का किया जाए। इसके अलावा भी अन्य प्रकार के तमाम कच्चे कर्मचारियों को एक समग्र नीति बनाकर रेगुलराइज किया जाए। आज के धरने को रजवन्त रतिया, देशराज माचरा अध्यापक संघ, संजय बिजली बोर्ड, ईश्वर सिंह, धर्मपाल, प्रेम कुमार बिजली विभाग, शमा रानी, हनुमान, अनिल व अन्य मौजूद रहे।



**सिरसा।** गांव केहरवाला में जसबीर सिंह जस्सा को सम्मानित करते ग्रामीण।

## इनेलो नेता ने केहरवाला में की कार्यकर्ताओं से भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

इनेलो के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष जसबीर सिंह जस्सा ने गांव केहरवाला में पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनी। इस दौरान जसवीर सिंह जस्सा ने कहा कि पार्टी द्वारा उनको सौंपी गई जिम्मेवारी को पूर्ण निष्ठा व बिना किसी भेदभाव व पक्ष-विपक्ष के निभाने का कार्य करेंगे तथा पार्टी को और मजबूत बनाने की हर संभव कोशिश करेंगे। जस्सा ने कहा कि जिले का कोई भी सदस्य अपने समस्या को लेकर बेझिझक मुझ से मिल सकता है हमारी ओर से उसे हर संभव सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 में बहुत से पार्टी समर्थक किसी कारणवंश दूसरी ओर चले गए, लेकिन अब माहौल बदल रहा है।

### खंड फतेहाबाद की विभिन्न ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियों का हुआ प्रारंभिक प्रकाशन

**फतेहाबाद।** हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के प्रावधानों के तहत खंड फतेहाबाद के ग्राम पंचायत काताखेड़ी, अहलीसदर, ढाणी बिंजा लांबा, बनगांव, दरियापुर, चिंदड़ और एमपी रोही प्रथम की मतदाता सूची का वार्ड वाइज ड्राफ्ट तैयार हो चुका है, जिसका प्रारंभिक प्रकाशन उपमंडलाधीश एवं जिला निर्वाचक अधिकारी राजेश कुमार द्वारा शुक्रवार को कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अगर किसी व्यक्ति को इन मतदाता सूचियों के संबंध में कोई आपत्ति अथवा दावा हो तो वे 12 अप्रैल से 18 अप्रैल तक संबंधित ग्राम पंचायत के कार्यालय अथवा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी फतेहाबाद के कार्यालय या एसडीएम कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में कर सकते हैं।

जिले में आवक ने पकड़ा जोर

## फतेहाबाद की मंडियों में अब तक 77929 क्विंटल सरसों फसल की हुई आवक

### डीसी बोलीं- मंडियों में तेजी से हो रहा उठान का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



जिला की विभिन्न अनाज मंडियों में सरसों फसल की आवक जोरों पर है। जिला में अब तक 77929 क्विंटल सरसों फसल की आवक हुई है, जिसमें से 55343 क्विंटल सरसों फसल की खरीद की जा चुकी है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि मंडियों से सरसों फसल के उठान कार्य भी निरंतर किया जा रहा है। जिला में अब तक 34466 क्विंटल सरसों फसल का उठान हो चुका है। उन्होंने बताया कि जिला में अब तक 77929 क्विंटल सरसों फसल की आवक हुई है, जिसमें से फतेहाबाद अनाज मंडी में 11453 क्विंटल, भट्टू कलां में 33598 क्विंटल तथा भूना में 32878 क्विंटल शामिल है। जिला की मंडियों से 55343 क्विंटल सरसों फसल की खरीद की जा चुकी है जिसमें से फतेहाबाद अनाज मंडी में 5041 क्विंटल, भट्टू कलां में 28874 क्विंटल तथा भूना में 21428 क्विंटल शामिल है। मंडियों से सरसों फसल के उठान कार्य भी निरंतर किया जा रहा है। जिला में अब तक 34466 क्विंटल सरसों फसल का उठान हुआ है जिसमें से फतेहाबाद अनाज मंडी में 6289 क्विंटल, भट्टू कलां में 8151 क्विंटल तथा भूना में 20026 क्विंटल फसल का उठान हुआ है। उपायुक्त ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी सरसों की फसल को सूखाकर व तयमानकों अनुसार खरीद केंद्रों व अनाज मंडियों में लेकर आए ताकि उनकी फसल की जल्द खरीद हो सके। उपायुक्त ने संबंधित विभाग व एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे खरीद केंद्रों में किसानों की सुविधा के लिए तमाम प्रबंध करवाना सुनिश्चित करें ताकि किसानों को परेशान न हो।

## टोहाना में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर कार्यक्रम, पूर्व मंत्री ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

### बबली ने महात्मा फुले की प्रतिमा पर की माला अर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

टोहाना के टाउन पार्क में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। आयोजकों ने उनका भव्य स्वागत किया। पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली ने महात्मा फुले की प्रतिमा पर माला अर्पित की। उन्होंने कहा कि महात्मा फुले एक महान समाज सुधारक थे। उन्होंने समाज से कई कुप्रथाओं को दूर करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

पूर्व मंत्री ने कहा कि फुले ने महिला शिक्षा के अधिकार के लिए दृढ़ता से काम किया। उनके प्रयासों की वजह से आज महिलाओं को समाज में बराबरी का दर्जा मिल रहा है। समाज उनके बलिदान और योगदान को कभी नहीं भूल सकता। बबली ने कहा हर साल 11 अप्रैल को भारत देश में वंचितों, शोषितों और महिलाओं के सशक्तिकरण व उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई जाती है।

#### समाज सुधार में अहम योगदान

*पूर्व मंत्री ने कहा कि 19वीं सदी के महान भारतीय विचारक और समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले अति-शूद्रों व महिलाओं के लिए शिक्षा के दरवाजे खोले और सत्यशोधक समाज के जरिए क्रांति की मशाल जलाई। महात्मा ज्योतिबा फुले सामाजिक सशक्तिकरण के एक ऐसे पर्याय हैं जिन्होंने अपना जीवन राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित किया। स्त्रियों की शिक्षा एवं समाज को अन्य कुरीतियों से मुक्ति दिलाने के लिए उन्होंने बड़े पैमाने पर आंदोलन चलाए। कार्यक्रम में कृष्ण सैनी, काका सैनी, संकेत गर्ग और सुभाष गर्ग सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।*

### वर्दी भत्ता बंद करने से कर्मचारियों में रोष

**फतेहाबाद।** चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के वेतन के साथ वर्दी भत्ते को बंद करने के फैसले से इन कर्मचारियों में काफी रोष है। दोबारा से वेतन के साथ वर्दी भत्ता देने की मांग को लेकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर कर्मचारियों ने लघु सचिवालय पर धरना देकर रोष जताया। कर्मचारियों ने जिला उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान विनोद कुमार, सुखदेव सिंह, सुभाष चन्द्र, जग्गा राम, गीता आदि ने बताया कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पहले वेतन में ही 440 रुपये वर्दी भत्ता मिलता था लेकिन अब 1 अप्रैल 2025 से हर वर्ष यह भत्ता एकमुश्त 5280 रुपये बिल भुगतान से मिलेगा।

नशे को समाज से खत्म करेंगे

## साइक्लोथॉन रैली की तैयारियों की एडीसी ने की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर साइक्लोथॉन रैली की तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एडीसी ने बताया कि इस साइक्लोथॉन का मुख्य उद्देश्य नशे को जड़ से उखाड़ फेंकने के साथ-साथ युवाओं को स्वस्थ और नशा मुक्त जीवनशैली की ओर प्रोत्साहित करना है। साइक्लोथॉन के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा और उन्हें नशे के हानिकारक प्रभावों के बारे में भी अवगत करवाया जाएगा।

बैठक के दौरान एडीसी ने संबंधित विभागों द्वारा की जा रही तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की और उन्हें जरूरी दिशा निर्देश दिए। इसके पश्चात झलनिया होते हुए फतेहाबाद पहुंचेगी और रात्रि ठहराव फतेहाबाद होगा और 26 अप्रैल को गांव दरियापुर होते हुए सिरसा पहुंचेगी।

उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि इस साइक्लोथॉन में समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। यह साइक्लोथॉन यात्रा विभिन्न जिलों से होते हुए जिला फतेहाबाद में 25 अप्रैल को प्रवेश करेगी। इसके उपरांत 26 अप्रैल को सिरसा जिला में पहुंचेगी।

#### जागरूक किया जाएगा

उन्होंने बताया कि जिला के युवाओं को नशे से मुक्त जीवन का संदेश देने एवं नशा न करने के लिए जन जागरण संदेश को लेकर अप्रैल माह में साइक्लोथॉन रैली जिला में पहुंचेगी। इस रैली में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और फिटनेस को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया जाएगा। यह साइकिल रैली 25 अप्रैल को हिसार जिला की सीमा से फतेहाबाद जिला के खंड भूना से जांडली खुर्द गांव से प्रवेश करेगी।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन



**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय में पंजाबी विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 4 टीमें गठित की गई। इन टीमों में टीम डी कमलदीप कौर,जसविंदर कौर ,यशिका ने प्रथम स्थान, टीम ए जशन कौर, सिमरन कौर,सिमरनजीत कौर ने दूसरा स्थान औरटीम बी पायल, कविता देवी, दिशा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य प्रो रामकुमार जांगड़ा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कॉलेज में होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेते रहना चाहिए ।

मिढ़ा बोले युवा नशे से दूर रहें

## मिढ़ा ने कबीर धर्मशाला से की स्वच्छता अभियान की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** कबीर धर्मशाला से स्वच्छता अभियान की शुरूआत करते भाजपा नेता।

भाजपा द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे गांव चलो बस्ती चलो अभियान के दौरान आज वरिष्ठ भाजपा नेता टेकचंद मिढ़ा ने फतेहाबाद की कबीर धर्मशाला से स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। कबीर धर्मशाला में संत कबीर दास जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए, तत्पश्चात झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान में भाग लिया। टेकचंद मिढ़ा ने इस अवसर पर मौजूद युवाओं को नशे आदि से दूर रहकर देश व समाज के हितकारी कार्यों में बढ़-चढक़र भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार न केवल विकास की गति को बढ़ा रही है, बल्कि समय समस पर स्वच्छता अभियान चलाकर समाज में लगातार बदलाव ला रही है। इसलिए हम सबका यह फर्ज बनता है कि हम इन सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाए।

## रवि कुमार ने इंटरनेशनल बेल्ट कुश्ती में पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** पदक विजेता रवि को सम्मानित करते शहीद बाबा दीप सिंह कॉलेज के प्रबंधक।

गांव अहरवां स्थित शहीद बाबा दीप सिंह वेटरनरी एवं एनिमल साइंस महाविद्यालय के पूर्व छात्र मिस्टर रवि कुमार ने शहीदे-ए-आजम मैमोरियल इंटरनेशनल बेल्ट कुश्ती कप 2025 में कांस्य पदक जीता है। यह चैम्पियनशिप 21 से 23 मार्च को रोहतक में हुई थी।

### सम्मानित किया

पदक विजेता रवि कुमार को आज कॉलेज में आमंत्रित किया गया और उन्हें स्मृति चिन्ह व नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक डॉ. वीरेंद्र सिवाच, चेयरपर्सन शरणजीत कौर, सचिव हरमीत सिंह, प्राचार्य डॉ. सुधीर खन्ना, शिक्षण महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ममता चौधरी , नर्सिंग महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अनूप संधू व स्टाफ सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. सज्जन सिंह, डॉ. बलवंत खत्री, डॉ. काशीराम, डॉ. धूप सिंह, प्रवक्ता रसपाल सिंह, विकास कुमार, रविकांत गर्ग, पलविंदर कौर व सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

## टोहाना पुलिस ने डोडा पोस्त सहित एक युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत पुलिस ने टोहाना क्षेत्र से एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान पालाराम उर्फ राजपाल पुत्र जीत सिंह निवासी रविदास मोहल्ला, टोहाना के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी इंस्पैक्टर प्रहलद सिंह ने बताया कि सीआईए टोहाना पुलिस की टीम पीएसआई अजय के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब रविदास मोहल्ले में शिवा गली के पास पहुंची तो गली में एक युवक मोटरसाइकिल पर प्लास्टिक कट्टा रख रहा था। उक्त युवक पुलिस को देखकर घबरा गया और प्लास्टिक कट्टे को लेकर घर में घुसने लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पालाराम उर्फ राजपाल बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 11 किलो 362 ग्राम कचरा डोडा पोस्त बरामद हुआ। इस पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर थाना शहर टोहाना में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

केसंट स्कूल में बच्चों ने समां बांधा

### ‘कनकां दा रंग उड़या, मेरी वेख फुलकारी’ गीत पर छात्राओं के गिद्दे ने मचाई धूम

## ‘नई फसल नया उल्लास’ बैसाखी पर्व का रंगारंग आयोजन



फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में बैसाखी पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

**फतेहाबाद।** क्रेसंट स्कूल में सिख धर्म के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह द्वारा खालसा पंथ की स्थापना दिवस एवं परंपरा, प्रकृति व प्रसन्नता के संगम थीम के साथ बैसाखी पर्व का आयोजन अत्यंत उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए न केवल एक सांस्कृतिक उत्सव रहा, अपितु भारतीय परंपरा, कृषि महत्त्व एवं सामाजिक मूल्यों से जुडऩे का एक प्रभावशाली माध्यम भी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम की विशेषता प्री-प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों की आकर्षक एवं सक्रिय सहभागिता रही। पारंपरिक परिधान धारण किए नन्हें -मुन्ने विद्यार्थियों ने फुलकारी, चरखा, पंखे आदि पारंपरिक वस्तुएं धारण कर मंच की शोभा को बढ़ा दिया।

### बच्चों ने पर्व का ऐतिहासिक महत्व बताया

प्राइमरी विंग के छात्र पार्थ के मंच संचालन में रचित व गर्व ने बैसाखी के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्व पर सौम्य एवं अनुशासित ढंग से सुविचार प्रस्तुत किए। युग ने अपने सुव्याख्यान के माध्यम से बैसाखी पर्व से जुड़े खालसा पंथ एवं फसल के मौसम की शुरुआत का वर्णन किया। छात्रा यशिका ने ‘देखो है आया बैसाखी का त्योहार, चारों तरफ है छाई फसलों की बहार’ कविता का सस्वर वाचन किया। कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों ने ‘कनकां दा रंग उड़या, मेरी वेख फुलकारी’ गीत के साथ गिद्दा एवं भंगड़ा की सजीव प्रस्तुतियां दी।

# रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खारा खेड़ी में बैसाखी पर्व मनाया

**संबोधन**

- उत्तर भारत, खास तौर पर पंजाब का फसल उत्सव है बैसाखी : डॉ. युद्धवीर



हिसार। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खारा खेड़ी में बैसाखी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। नर्सरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी शानदार पंजाबी पोशाक में सबका दिल जीत लिया, जबकि एलकेजी और यूकेजी के छात्रों की रचनात्मकता और हंसी से गलियारा गूंज उठा, जो गेहूं की बेहतरीन कलाकृतियां बनाने में मशगूल थे। कक्षा पहली से तीसरी के छात्रों ने बोलियां गाकर खुशी के सुर में सुर मिलाए और माहौल में जोश भर दिया। कक्षा चौथी, पांचवीं और छठी के विद्यार्थियों की नृत्य प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया था। कक्षा आठवीं की छात्राओं द्वारा 'तेरे मिठड़े लगदे बोल' गाने पर शानदार नृत्य प्रस्तुति दी। इस दिन का मुख्य आकर्षण नौवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित सभा थी, जिसमें भंगड़ा, कविता और नृत्य के माध्यम से बैसाखी के महत्व को दर्शाया गया, साथ ही त्योहार के ऐतिहासिक महत्व पर ज्ञानवर्धक प्रस्तुतियां भी दी गईं। कक्षा नौवीं की छात्रा निहारिका ने शानदार भाषण में बैसाखी पर्व कब और क्यों मनाया जाता है, ये सब विस्तार से बताया।

समारोह के अन्त में स्कूल चेयरमैन डॉ. युद्धवीर सिंह ने सभी को बैसाखी की शुभकामनाएं दीं। स्कूल निदेशिका डॉ. ज्योत्स्ना, स्कूल प्रशासक विक्रमादित्य, सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल डॉ. डीवी नेहरा (रिटायर्ड), वाइस प्रिंसिपल सुमति शर्मा, सीनियर कोऑर्डिनेटर पूनम बिश्नोई आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### इंडियन ओवरसीज बैंक में लगाया दंत जांच कैंप

**हिसार।** स्माइल फॉर यूथ कार्यक्रम के तहत डॉ सचिन मित्तल एडवांस डेंटिस्ट्री टीम ने मंडी रोड स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक में निशुल्क डेंटल चैकअप एवं जागरुकता कैंप लगाया। कैंप में डॉ सचिन मित्तल एडवांस डेंटिस्ट्री की टीम से डॉ मुदिता बाहेती और अभिषेक पांडे ने अपनी चिकित्सा सेवाएं दी। इस दौरान करीब 35 नागरिकों के मौखिक स्वास्थ्य की जांच एआई रोबोट के माध्यम से की गई।

### सनियाना में गेहूं की फसल में लगी आग

**उकलाना मंडी।** क्षेत्र के गांव सनियाना के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही समय में कई कनाल क्षेत्र में खड़ी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। फायर ब्रिगेड व ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि फसल में आग शुक्रवार दोपहर के समय लगी, जब खेतों में किसान नहीं थे। जैसे ही आग की लपटें उठनी शुरू हुईं, आसपास के लोगों ने धुआं देखकर खेतों की ओर दौड़ लगाई और तुरंत घटना की सूचना अन्य ग्रामीणों के साथ-साथ फायर ब्रिगेड को दी गई।

### समर्पित कार्यकर्ता थे दयानंद बुरा : पवन

**हिसार।** भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता घिराय निवासी दयानंद बूरा का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव घिराय में किया गया। उनके निधन पर शोक व्यक्त करने भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रत्याशी हलका आदमपुर पवन खारिया उनके आवास पर पहुंचे और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को ढाढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### डॉक्टरों ने काले बैज लगाकर काम किया

**हिसार।** हरियाणा सिविल मैडिकल सर्विसिज एसोसिएशन ने स्वास्थ्य विभाग प्रबंधन द्वारा पीएनडीटी के नोडल ऑफिसर एवं डिप्टी सी.एम.ओ. डॉ. प्रभुदयाल को निलंबित करने के फैसले पर कड़ा ऐतराज जताते हुए शुक्रवार को काले बैज लगाकर अपनी ड्यूटी की। एसोसिएशन ने सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष पहुंचकर रोष जाहिर कर डॉ. प्रभुदयाल का निलंबन रद करने की मांग की। इस मौके पर डॉ. आशीष राणा, डॉ. मनीष पचार, डॉ. अजीत लाठर, डॉ. विक्रम गौरिया, डॉ. लता सांगवान, डॉ. ज्ञानेन्द्र, डॉ. विनोद तरड़, डॉ. प्रशांत, डॉ. रीना जैन, डॉ. अनामिका आदि मौजूद थे।

### जियो इनफॉर्मेटिक्स तकनीक पर व्याख्यान

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह सांगा की अध्यक्षता में भूगोल विभाग द्वारा स्काईलाइन जियो इनफॉर्मेटिक्स संस्थान रोहतक के सहयोग से जियो इनफॉर्मेटिक्स तकनीक पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। स्काईलाइन इंस्टीट्यूट आफ जीयोफॉर्मेटिक्स रोहतक से आए हुए दो फैकल्टी मेंबर्स डॉ. अजय तथा संजौली मल्होत्रा का भूगोल विभाग के प्रवक्ता डॉ संजय कुमार ने स्वागत किया।

### बेकाबू ट्रैक्टर होटल में घुसा, मची अफरा-तफरी

**उकलाना मंडी।** उकलाना बस स्टेंड के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक बेकाबू ट्रैक्टर अचानक सड़क किनारे स्थित एक होटल में घुस गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर चालक दोपहर बाद उकलाना शहर से सुरेवाला चौक की ओर ट्रैक्टर लेकर जा रहा था। जैसे ही वह बस स्टैंड के समीप पहुंचा, ट्रैक्टर अचानक नियंत्रण से बाहर हो गया और सीधे सड़क किनारे बने होटल के अंदर जा घुसा। होटल में मौजूद कर्मचारियों ने ट्रैक्टर की आवाज सुनते ही सतर्कता दिखाई और तुरंत साइड में हट गए, जिससे वे बाल-बाल बच गए।

## कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने किया निरीक्षण

# हिसार एयरपोर्ट से पहली उड़ान अयोध्या के लिए 14 अप्रैल को

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आएंगे, मंत्री ने रैली स्थल पर चल रहे कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश



हिसार। एयरपोर्ट का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश देते कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने हिसार एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 14 अप्रैल को प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। कैबिनेट मंत्री ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर रैली स्थल पर चल रहे कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे रैली स्थल पर सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करें ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा दौरे पर रहेंगे। इस ऐतिहासिक दिन प्रदेशवासियों को अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं की सौगात मिलने जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी हिसार एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर पहली वाणिज्यिक उड़ान अयोध्या के लिए रवाना होगी, जिससे श्रद्धालु सीधे भगवान रामलला के दर्शन करने जा सकेंगे।

हिसार एयरपोर्ट से भविष्य में अहमदाबाद, श्रीनगर, चंडीगढ़ सहित देश के अन्य प्रमुख शहरों के लिए उड़ानों की शुरुआत की जाएगी। इससे न केवल हरियाणा में हवाई यातायात का विस्तार होगा, बल्कि व्यापार, पर्यटन एवं निवेश को भी नई गति मिलेगी।

इसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यमुनानगर स्थित थर्मल पावर प्लांट की नई इकाई का भी शिलान्यास करेंगे। यह इकाई हरियाणा की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और राज्य को बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा का तेजी से विकास हो रहा है। एयरपोर्ट जैसी आधारभूत सुविधाएं प्रदेश के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगी।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर हांसी विधायक विनोद भयाना, उपायुक्त अनीश यादव, जिला परिषद चेयरमैन सोनू सिहाग डाटा, हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व चेयरमैन सतबीर सिंह वर्मा, हिसार भाजपा जिला अध्यक्ष आशा खेदड़, हांसी भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय किसान सभा ने 89वां स्थापना दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। स्थापना दिवस पर झंडा फहराते जिला अध्यक्ष शमशेर सिंह नम्बरदार।

अखिल भारतीय किसान सभा का 89वां स्थापना दिवस पृथ्वी-प्रभात भवन में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सभा के जिला प्रधान शमशेर सिंह नम्बरदार ने झंडा फहराया। राज्य सहसचिव दिनेश सिवाच ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि किसान जब अंग्रेजों व राजे-रजवाड़ों के उत्पीडऩ के शिकार हुए तो किसानों ने अपने हकों के लिए आंदोलन किए। किसान सभा 1936 से ही किसान, मजदूर, वंचितों, पीड़ितों के लिये उनकी जायज मांगों के लिये लड़ती आ रही है और भविष्य में भी लड़ती रहेगी। किसान सभा ने अपने स्थापना के बाद अनेक लड़ाईयां लड़ी और जीती। वर्तमान समय में भी किसान सभा अनेकों संघर्ष जिनमें बीमा मुआवजा, एमएसपी, बिजली-पानी, मनरेगा मजदूरी, फसलों को विभिन्न तरह से नुकसान का मुआवजा आदि के लिये आंदोलन चलाये हुए है। इस अवसर पर ज्योति बा फूले को उनकी जन्म जयंती पर याद किया गया व उनके द्वारा शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में किये गये कार्यों की सराहना की गई। स्थापना दिवस मनाने के मौके पर सतबीर धायल, कपूर बगला, बलराज सहरावत, रमेश मिरकां, सतपाल श्योराण और सुरेन्द्र मान मौजूद रहे।

## सत्य शोधक समाज ने मनाई महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती



**हांसी।** शिक्षा के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फूले की 198वीं जयंती मंडी सैनियान स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले पार्क में सत्य शोधक समाज के प्रदेशाध्यक्ष महंत सागर नाथ के सान्निध्य में मनाई गईं। प्रवक्ता राकेश सागर ने बताया कि बाल विकास समाज कल्याण अधिकारी ओपी मेहरा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महंत सागर नाथ ने कहा कि महात्मा फूले शैक्षणिक वर्ग के प्रथम व्यक्ति थे जिनका नारी शिक्षा व समाज-सुधार में अहम योगदान रहा है। ओ. पी. मेहरा ने महात्मा फूले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहेब अम्बेडकर के गुरू महात्मा ज्योतिराव फूले हमारे गुरु भगवान है। इनके पद चिन्हों पर चलकर हम अपने बच्चों में शिक्षा की ज्ञान ज्योति प्रकाशित करें। पूर्व प्रधान श्याम सुंदर सैनी ने अपने वक्तव्य में कहा कि सर्वहारा वर्ग के मसीहा महात्मा फूले के देशहित में किए गए योगदान कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता। महात्मा ज्योतिबा फूले समाज सेवा समिति के अध्यक्ष रामकुमार एडवोकेट ने समारोह में उपस्थित लोगों का स्वागत किया। इस अवसर पर हांसी जिला सह-संचालक कृष्ण यादव, संदीप सैनी जिला संयोजक बजरंग दल मौजूद रहे।



हिसार। मीनाक्षी को सम्मानित करते ग्रामीण।

### मीनाक्षी वर्मा ने पैरा लॉन बॉल्स राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में जीता सिल्वर मेडल

**हिसार।** प्रथम पैरा लॉन बॉल्स राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में रावलवास खुर्द की बेटी एम मीनाक्षी वर्मा ने सिल्वर मैडल जीता है। यह चैम्पियनशिप दिल्ली में आयोजित की गई। एक गरीब परिवार से संबंध रखने वाली की एम मिनाक्षी वर्मा ने आर्थिक अभाव के बावजूद कड़ी मेहनत की और इस मुकाम को हासिल किया। इस मौके पर नेहरू युवा केन्द्र हिसार एवं किरतान आजाद हिन्द युवा क्लब प्रधान कपूर सिंह आर्य ने बताया कि कोच पंकज शर्मा, अमित दिनोदिया की अथक मेहनत और एम मिनाक्षी वर्मा के परिश्रम से यह उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने मिलकर उसे खेलों के प्रति जागरूक किया और उसका हौसला बढ़ाया। इसकी बदौलत आज परिणाम सामने है। इसके लिए कोच बधाई के पात्र हैं। गांव किरतान के आजाद हिन्द युवा क्लब के सदस्य एम मिनाक्षी वर्मा के घर पहुंचे और मिठाई खिलाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। आर्य ने बताया कि बच्चों को आगे बढाने गांव किरतान के क्लब के सदस्य हमेशा तैयार रहते हैं।

### 'फौजी का संघर्ष' नाटिका 15 को गुजवि में

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के गूंज क्लब द्वारा सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करते हुए विश्वविद्यालय के सीआरएस ऑडिटोरियम के मुख्य हॉल में 15 अप्रैल को स्पिकमैके के शास्त्रीय संगीत कार्यक्रमों एवं संगीत नाटिका 'फौजी का संघर्ष' का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सायं 4:30 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई द्वारा विभिन्न समितियों का गठन किया गया है, जिनमें स्वागत समिति, आयोजन समिति, मंच संचालन समिति, खाद्य व्यवस्था समिति, अनुशासन समिति, बैनर समिति, रिहर्सल आदि शामिल हैं।



आदमपुर मंडी। आदमपुर की अनाज मंडी का दौरा करते विधायक व सेवानिवृत्त आईएएस चंद्रप्रकाश।

### विधायक चंद्रप्रकाश ने आदमपुर मंडी का किया दौरा

**आदमपुर मंडी।** आदमपुर अनाज मंडी में गेहूं व सरसों की आवक शुरू हो गई है। अनाज बेचने के लिए आदमपुर हलके के विभिन्न क्षेत्रों से किसान मंडी में पहुंच रहे हैं। अनाज खरीद की व्यवस्था देखने के लिए विधायक व सेवानिवृत्त आईएएस चंद्रप्रकाश ने अनाज मंडी का दौरा किया। यहां पर उन्होंने किसानों से मुलाकात की और अनाज खरीद में आ रही समस्याओं पर संज्ञान लिया। किसानों ने शिकायत की कि पर्याप्त बारदाना न होने के कारण अनाज खरीद प्रभावित हो रही है। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक चंद्रप्रकाश ने संबंधित अधिकारियों से बातचीत करके तुरंत पर्याप्त बारदाना उपलब्ध करवाने के आदेश दिए। इसके साथ ही अनाज बेचने के लिए मंडी में आ रहे किसानों के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के भी आदेश दिए गए। इस दौरान विधायक चंद्रप्रकाश के साथ भूपेंद्र कासनिया, सतबीर जिंदल, पूर्व सरपंच संजय ज्याणी, सरपंच सुभाष टाडा, राजकुमार जांगड़ा, राजकपूर नेहरा, दिलीप जांगड़ा, अतर बेनीवाल, प्रेम जांगड़ा, व परमजीत मावलिया सहित काफी संख्या में कांग्रेस नेता व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### हैंडबॉल नर्सरी के लिए 90 खिलाड़ियों ने दिया ट्रायल

**हिसार।** खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग द्वारा ' स्पोर्ट्स नर्सरी ' योजना के तहत स्तर 2025 -26 के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा (लड़के) व ग्राम पंचायत लाडवा (लड़की) हैंडबॉल की खेल नर्सरी आवंटित की गई है। लाडवा के नर्सरी हैंडबॉल कोच अशोक पूनिया व महावीर पूनिया ने बताया कि हैंडबॉल नर्सरियों के लिए के लिए 50 लड़के व 40 लड़कियों ने ट्रायल दिया। बैटरी टेस्ट व खेल का ट्रायल लेकर श्रेष्ठ 25 लड़के व 25 लड़कियों का चयन किया गया।10 खिलाड़ियों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। ट्रायल में खिलाड़ियों ने 30 फ्लाइंग स्टार्ट, शटल रन, 800 मीटर दौड़, बैंड एंड रिच, एस बी जंप, वर्टिकल जंप, मेडिसिन बाल फिटनेस टेस्ट दिए। उन्होंने बताया की खेल नर्सरियां मिलने से ग्रामीणों व खिलाड़ियों में खुशी की लहर है।

### पिकअप की चपेट में आने से किसान की मौत

**हांसी।** हांसी बरवाला रोड़ स्थित भाटला गांव में गुरुवार रात पिकअप की चपेट में आने से भाटला गांव निवासी 46 वर्षीय किसान संजय शर्मा की मौत हो गई। हादसे के वक्त संजय शर्मा बाइक पर सवार होकर अपने खेत से वापस घर लौट रहा था कि सड़क पर सामने से आ पिकअप ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद वह बाइक समेत सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक मौके से अपने वाहन सहित मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने परिजनों ने घायल संजय शर्मा को उपचार हेतु नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भाटला पुलिस ने भाई पुरुषोत्तम के बयान पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### राजकीय महाविद्यालय में नशा न करने की शपथ ली

**नारनौंद।** राजकीय महाविद्यालय खेड़ी चौपटा के प्राचार्य अनिल कुमार के निर्देशन में एनएसएस हिन्दी विभाग एवं लीगल लिट्रेसी प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हिन्दी विभागाध्यक्षा विद्यावती ने बताया कि यह कार्यक्रम डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। प्राचार्य अनिल कुमार ने छात्रों को सम्बोधित कर डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों से अवगत कराया और जीवन में उनके दिखाए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर भाषण प्रतियोगिता, संविधान की प्रस्तावना पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। लीगल सेल संयोजक डॉ. कृष्ण कुमार ने मंच संचालन किया। प्राध्यापक मुथरा सिंह और दिनेश ने भाषण गतिविधि में निर्णायक की भूमिका अदा की। भाषण प्रतियोगिता में छात्रा ज्योति ने प्रथम, पूजा ने द्वितीय व सोनिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### हवाई अड्डा क्षेत्र में लगी आग की जांच हो : सहारण

**हिसार।** अखिल भारतीय जीव रक्षा बिश्नोई सभा ने हवाई अड्डा क्षेत्र में झाड़ियों व वनस्पति में आग लगने की घटना पर चिंता जताते हुए इसकी जांच की मांग की है। सभा ने आशंका जताई है कि वन्य जीवों को पकड़ने में नाकाम रहने पर यह आग लगाई गई है। अखिल भारतीय जीव रक्षा बिश्नोई सभा के जिला प्रधान एडवोकेट चन्द्र सिंह सहारण ने कहा कि जहां पर प्रधानमंत्री को आना हो और वहां पर अज्ञात कारणों के चलते आग लग जाए, यह किसी के गले उतरने वाला नहीं है। यही नहीं, यह सब प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवालिया निशान है कि जहां उन्हें आना है, वहां आग लग रही है और प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को पता ही न हो।

### मंदिर के सामने बाइक चुराने वाले पकड़े

**हांसी।** थाना शहर पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान थुराना निवासी बिट्टू पुत्र रमेश व बिन्टू पुत्र दयानन्द के रूप में हुई है

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पकड़े गए आरोपियों ने 6 अप्रैल शाम को बाबा श्याम मन्दिर के सामने से मोटरसाइकिल चोरी कर लिया था। थाना शहर हांसी पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपियों को मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया और चोरीशुदा मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### गांव ढाणा खुर्द में खेल विभाग द्वारा शुरू करवाई नर्सरी में हुए ट्रायल



हांसी। कबड्डी नर्सरी में बच्चों का ट्रायल लेते कोच व अन्य।

**हांसी।** हरियाणा खेल विभाग द्वारा ढाणा खुर्द में शुरू की गई कब्बड्डी की खेल नर्सरी में शुक्रवार को खिलाड़ियों के ट्रायल शुरू हुए। ट्रायल में करीब 100 बच्चों ने भाग लिया। इनमें से 35 बच्चों का चयन किया गया। इसी दौरान कोच के लिए साक्षात्कार हुए और कोच का चयन भी किया गया। सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार ने बताया कि इस नर्सरी के होने से गांव और आस पास के क्षेत्र के बच्चों को अब खेल सुविधाएं मिलेंगी और ये खिलाड़ी देश प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। कुलदीप यादव ने बताया कि गांव में पहले भी विभाग द्वारा हॉकी खेल नर्सरी संचालित की जा रही है, उसमे प्रशिक्षण पाकर बच्चों ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम चमकाया है। अब हमारा प्रयास अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहराने का है, जिसके लिए प्रयास किया जा रहा है।

# माता अहिल्याबाई का जीवन अनुपम उदाहरण : प्रो. संदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए एडवोकेट सुनील तिवारी।

गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में पुण्यश्लोका माता अहिल्याबाई होलकर की त्रिशती जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के तकनीकी सलाहकार प्रो. संदीप राणा ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि माता अहिल्याबाई का जीवन, प्रशासनिक दक्षता और धर्मनिष्ठता का अनुपम उदाहरण है।

यह आयोजन माता अहिल्याबाई होलकर त्रिशती जयंती समिति एवं स्नेह मिलन गुजवि परिवार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। गोष्ठी का उद्देश्य समाज में माता अहिल्याबाई के जीवन-दर्शन, उनके सेवा भाव, न्यायप्रिय प्रशासन और लोक कल्याण के प्रति उनके अद्वितीय समर्पण को व्यापक स्तर पर जन-जन तक पहुंचाना रहा।



हिसार। स्वदेशी जागरण मंच के निशुल्क योग शिविर में उपस्थित अतिथिगण।

### स्वदेशी जागरण मंच के आज मनाएया हनुमान जन्मोत्सव

**हिसार।** स्वदेशी जागरण मंच द्वारा पतंजलि योग समिति के सहयोग से जिंदल पार्क में चल रहे योग शिविर में हर रोज सुबह व सायं काफी संख्या में साधक उमड़ रहे हैं। इस दौरान विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रिंसिपल, विभागाध्यक्ष, नगर निगम पार्षद व अन्य संस्थाओं से जुड़े प्रतिनिधियों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया।

शिविर में प्रिंसिपल सुनील गाबा, प्रिंसिपल रचना गुप्ता, रेणु बंसल, रेणु मल्होत्रा, कृष्णा सोढी, ज्योति वरमानी व शिक्षिका रिंकु सिंह, विभागाध्यक्ष रजत ठकराल, जिला संघ चालक मोहित बंसल, वार्ड पांच के पार्षद भीम महाजन, शिक्षाविद डॉ. प्रकाश, डॉ. बजरंग शर्मा, वेद रावल, डॉ. चंद्रशेखर, आरडी अरोड़ा, बलदेव ग्रोवर, के. के. कटारिया, शिव कुमार गोयल, चंद्र सिंह, नरेंद्र गोयल व ओपी मलिक सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। स्वदेशी जागरण मंच के प्रांतीय प्रचार प्रमुख अनिल गोयल ने बताया कि जिंदल पार्क में 13 अप्रैल तक निशुल्क योग शिविर जारी रहेगा। शहरवासी शिविर में प्रातः व सायं 5.30 बजे से 7 बजे तक योग क्रियाएं सीखकर लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 12 अप्रैल को योग शिविर के दौरान श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

## हनुमान कथा के चौथे दिन बोले डॉ. स्वामी उमानंद मानसमणि

# भक्ति करने वाले को कुछ मांगने की जरुरत नहीं पड़ती

- जवाहर नगर के 30वें वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। हनुमान मंदिर, जवाहर नगर में हनुमान कथा का कथा श्रवण करते श्रद्धालु।

रामभक्त हनुमान मंदिर समिति, गली नम्बर-2 जवाहर नगर के 30वें वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में चल रही संगीतमय हनुमान कथा के चतुर्थ दिवस बारिश आने पर मंदिर प्रांगण के अंदर आयोजित कथा में बोलते हुए कथा व्यास डॉ. स्वामी उमानंद मानसमणि ने कहा कि जैसे पंखे के नीचे बैठने से हवा अपने आप आती है, मांगनी नहीं पड़ती। गंगा किनारे बैठने से ठंडक अपने आप आती है, मांगनी नहीं पड़ती। रजाई ओढऩे से गर्मी अपने आप लगती है, मांगनी नहीं पड़ती। ऐसे ही भगवान के सुमिरण में जब आप बैठते हैं तो कुछ मांगना नहीं पड़ता, भगवान की कृपा, करुणा और दया अपने आप ही आती है। आपने खुद ही अपने भक्ति भाव को छोटे स्तर का बना दिया है। ऐसी भक्ति जिसमें दिखावा ज्यादा है, जो भक्ति केवल वस्तुओं से संबंधित हो जाए तो वह व्यापार मानी जाती है।

हनुमानजी महाराज भगवान राम की सेवा में ही अपना जीवन धन्य मानते हैं परंतु इस सेवा के बदले कुछ पाने की चाह नहीं रखते। भारतीय सनातन परम्पराएं हमारा गौरव है।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर मंदिर समिति के प्रधान इन्द्रचंद राठी, के.के.सेहरा, भगतचंद मेहता, प्रीतम छाबड़ा, हरबंस ग्रोवर, नारायण दास तनेजा, ओ.पी.सुखीजा, किशोरीलाल वधवा, देवराज ललित, रमेश गांधी, ओमप्रकाश चुटानी, अमीरचंद वधवा, ललित राठी, अर्जुन ललित, संजीव पंवार एडवोकेट, विनोद बिश्नोई, सूरज प्रकाश, राजेन्द्र गर्ग, नवनीत आदि भी उपस्थित रहे।